दैनिक जागरण 05/11/2025

# कंप्यूटर तकनीक समझने के लिए विद्यार्थियों ने कंपनी का किया भ्रमण



जीएमएन कालेज के विद्यार्थी एक कंपनी में भ्रमण के दौरान • विज्ञप्ति

**अंबाला • विज्ञप्ति** : धी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज के कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा यूनिक कंप्यूटर टेक्नोलजी अंबाला शहर में एक औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण में बीएससी (कंप्यूटर साइंस) प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के कुल 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस औद्योगिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को वास्तविक औद्योगिक परिवेश से परिचित कराना, उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना तथा रीयल-टाइम नेटवर्किंग सिस्टम और नेटवर्किंग में उपयोग होने वाले विविध कंप्यूटर अनुप्रयोगों की गहन समझ विकसित करना था। कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन उमाकांत गांधी रहे।